सं0 6/गो0 34–01/2008–2334/वा0क0—श्री रिपुंजय झा, बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारी, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, कटिहार अंचल, कटिहार को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए उनकी सेवाएँ वित्त विभाग के अन्तर्गत लेखा सेवा में पदस्थापन हेतु सौंपी जाती है।

सं0 6/गो0 34–01/2008–2335/वा0क0—श्री पंकज कुमार, बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारी, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पटना मध्य अंचल, पटना को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए उनकी सेवाएँ वित्त विभाग के अन्तर्गत लेखा सेवा में पदस्थापन हेतु सौंपी जाती है।

सं0 6/गो0 34–01/2008–2336/वा0क0—श्री रामजी रविदास, बिहार वित्त सेवा के पदाधिकारी, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, पटना दक्षिणी अंचल, पटना को स्थानांनतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए उनकी सेवाएँ वित्त विभाग के अन्तर्गत लेखा सेवा में पदस्थापन हेतु सौंपी जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
लाल बाबू गुप्ता, अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 16–571+50-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-2

बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

वित्त विभाग

अधिसूचना

19 मई 2009

सं० को० प्र०/विविध–22/07–4260 वि०(2)—जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, उत्तर कोयल वितरणी प्रमंडल, कुर्था जिला अरबल, जो पूर्व में जहानाबाद जिला कोषागार, जहानाबाद से संबद्ध था, को वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2009–10 से अरबल जिला कोषागार, अरबल से संबद्ध किया जाता है। उक्त कार्यालय का सम्पूर्ण सरकारी कार्यों (भुगतान सहित) का निष्पादन दिनांक 1 अप्रील 2009 से अरबल जिला कोषागार, अरबल से किया जायेगा।

पूर्व में वित्त विभागीय पत्रांक 8896 वि० (2), दिनांक 22 अक्तूबर 2008 द्वारा जहानाबाद कोषागार को सूचना दी जा चूकी है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
अरुनीश चावला, सचिव (व्यय)।

वाणिज्य–कर विभाग

अधिसूचना

शुद्धि–पत्र

27 जून 2009

सं0 6 / गो0 34–01 / 2008–2337 / वा0क0—विभागीय अधिसूचना संख्या 2315, दिनांक 26 जून 2009 के शब्द समूह ''केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना'' के स्थान पर ''अन्वेषण ब्यूरो, पटना पूर्वी एवं पश्चिमी प्रमंडल, पटना'' पढा जाय।

2. इस हद तक उक्त अधिसूचना को संशोधित समझा जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
लाल बाबू गुप्ता, अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 16-571+10-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

बिहार गजट
का
पूरक(अ0)
प्राधिकारी द्वारा प्रकाशित

जल संसाधन विभाग

अधिसूचना
26 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0(ल0सि00)–05–02/2000/424–श्री जर्नादन प्रसाद सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, लधु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा के पदस्थापन अवधि में रानीकुदर एवं कुड़पानी मध्यम सिंचाई योजना, जिसका प्राक्कलन क्रमशः रूपये 4.98 लाख एवं रूपये 4.53 लाख था का निर्माण कार्य क्रमशः मार्च 1986 एवं अप्रैल 1983 को पूरा किया गया जो क्रमशः दिनांक 29.8.87 एवं 25.7.85 को टूट गया। उक्त निर्माण कार्य में गंभीर त्रुटि बरतने, योजनाओं के अल्प अवधि में ही टूटकर बह जाने, प्राक्कलन के अनुसार काटे गये पत्थर का अधिक भुगतान करने आदि अनियमितताओं एवं कदाचार संबंधी आरोपों के लिए प्रथम द्रष्टया दोषी पाये जाने के कारण श्री सिंह को विभागीय आदेश सं0–37 दिनांक 27.2.91 द्वारा निलंबित किया गया। तदुपरान्त श्री सिंह के विरूद्व लधु सिंचाई विभाग के संकल्प सं0–6051 दिनांक 7.9.91 एवं 3420 दिनांक 1.7.92 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। इस संबंध में श्री नवल किशोर प्रसाद तत्कालीन मुख्य अभियन्ता लधु सिंचाई, रॉची के पत्रांक–1764 दिनांक 29.12.92 एवं 1787 दिनांक 30.12.92 द्वारा प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त श्री सिंह के विरूद्व निम्नांकित आरोप प्रमाणित पाया गया।

2. रानीकुदर एवं कुड़पानी मध्यम सिंचाई योजनाओं के संबंध में प्राक्कलन के विपरीत स्पीलवे क्रेस्ट की लम्बाई को 125 फीट से 100 फीट करने के लिए न तो उनके वरीय पदाधिकारी का आदेश था और न इनके द्वारा इस संबंध में पूर्वानुमति ली गयी थी और साथ ही स्पीलवे पर जल प्रवाह की गणना भी ठीक ढंग से नहीं की गयी थी क्योंकि अधिक जल प्रवाह होने से स्पीलवे पर कुप्रभाव को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। स्पीलवे तल की चौड़ाई 5 फीट रखे जाने के संबंध में पाया गया कि स्पीलवे क्रेसट के निर्माण हेतु फाउंडेशन डेप्थ के लिए कोई गणना नहीं की गयी थी परिमाणस्वरूप तल की 5 फीट चौड़ाई जो आंकी गयी थी उसे पर्याप्त नहीं माना जा सकता है।

3. मोर्टार मिश्रण में सिमेंट का अनुपात निर्घारित सीमा के कम था जिसके कारण जुड़ाई कमजोर हुई और योजना की संरचना अल्पावधि में ही ध्वस्त हो गयी।

4. रानीकुदर एवं कुड़पानी मध्यम सिंचाई योजनाओं के प्राक्कलन में परिवर्तन के पूर्व अपने नियंत्री पदाधिकारी से लिखित पूर्वानुमति नहीं प्राप्त की गयी थी और स्थल का पर्यवेक्षण/निरीक्षण भी ठीक ढंग से नहीं किया गया था जिसके कारण जुड़ाई में सीमेंट का प्रयोग सही अनुपात में नहीं किया गया फलतः योजना अल्पावधि में ही ध्वस्त हो गयी।

उक्त आरोपों के लिए बर्खास्तगी का दण्ड अनुमोदन किये जाने के परिप्रेक्ष्य में श्री सिंह से द्वितीय कारण पृच्छा विभागीय पत्रांक–928 दिनांक 5.4.94 द्वारा पूछा गया तथा उनसे प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त श्री सिंह को दोषी पाया गया।

5. अतः सरकार द्वारा श्री सिंह को गंभीर कदाचार, धोर अनियमितताओं जिसके कारण राजकीय घन एवं लोकहित की क्षति हुई कार्य के प्रति घोर उपेक्षा, तकनीकी सूझबूझ में कमी, कार्य निरीक्षण/पर्यवेक्षण का अभाव, दायित्वपूर्ण कार्य करने में पूर्ण अक्षम, अभिभवी नियमों का उल्लंघन करने एवं घोर अनुशासनहीनता आदि आरोपों के लिए दोषी पाये जाने पर इन्हें सरकारी सेवा से जनहित में बिहार एवं उड़ीसा सबोर्डिनेट सर्विसेज (रिविजन एण्ड अपील) रूल्स 1935 के

नियम–2(VIII) मिसलेनियस रूल्स बोर्ड ऑफ रेभेन्यू के नियम 167 के तहत विभागीय आदेश सं0–1124 ज्ञापांक–3128 दिनांक 25.9.97 द्वारा आदेश निर्गत होने की तिथि से सेवा से बर्खास्त किया गया।

6. विभागीय दण्ड के विरूद्व श्री जर्नादन प्रसाद सिह, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता (सेवा से बर्खास्त) द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0 जे0 सी0 सं0– 2196/98 दायर किया गया जिसमें दिनांक 31.8.98 को माननीय न्यायालय द्वारा न्याय निर्णय पारित करते हुए निदेश दिया गया कि श्री सिंह महामहिम राज्यपाल के समक्ष अपील दायर कर सकते है। माननीय न्यायालय द्वारा पारित उक्त न्याय निर्णय के आलोक में श्री सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता (सेवा से बर्खास्त) द्वारा महामहिम राज्यपाल के समक्ष अपीलीय अभ्यावेदन दिनांक 27.09.99 को प्रस्तुत किया। श्री सिंह द्वारा अपीलीय अभ्यावेदन में उठाये गये विन्दुओं की सम्यक समीक्षा की गयी एवं समीक्षोपरान्त बिहार मंत्रिपरिषद द्वारा श्री सिंह के अपीलीय अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया जिसपर महामहिम राज्यपाल का अनुमोदन प्राप्त था। तदुपरान्त विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–1525 दिनांक 10.12.02 द्वारा श्री सिंह के अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया।

7. उक्त बर्खास्तगी दण्ड के विरूद्व श्री सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–8681/2000 दायर किया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त वाद में दिनांक 24.04.08 को न्याय निर्णय पारित करते हुए विभागीय दण्डादेश 1124 दिनांक 25.09.97 एवं अपील अस्वीकृत करने संबंधी अधिसूचना ज्ञापांक–1525 दिनांक 10.12.02 को निरस्त कर दिया गया है एवं विभाग को द्वितीय कारण पृच्छा के प्रक्रम से कार्यवाही करने की छूट प्रदान की गयी है।

8. अतएव माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 24.04.08 को पारित न्याय निर्णय के आलोक में विभागीय आदेश सं0–1124 दिनांक 25.9.97 एवं अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत करने संबंधी विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–1525 दिनांक 10.12.02 को इस शर्त के साथ निरस्त किया जाता है कि श्री सिंह से द्वितीय कारण पृच्छा का जबाब प्राप्त होने के उपरान्त उसकी समीक्षा सरकार के स्तर पर की जायेगी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा लिये जानेवाले निर्णय से उक्त अधिसूचना प्रभावित होगा। उक्त निर्णय श्री जर्नादन प्रसाद सिंह, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता (सेवा से बर्खास्त) को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

1 अप्रील 2009

सं0 22/नि0सि0(गया0)–17ए–05/2008/223–श्री अमरेन्द्र कुमार अमन, अधीक्षण अभियन्ता, जल पथ अंचल, गया आई0 डी0 सं0–3483 के उक्त प्रमण्डल में पदस्थापन अवधि में जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदमपुर प्रखण्ड के दानुबिगहा कचनावा सबदलपुर तक दरघा नदी के बाये जमींदारी बॉध की निगरानी विभाग के तकनिकी परिक्षक कोषांग द्वारा की गई औचक जॉच में जहानाबाद जिला अंतर्गत मकदुमपुर प्रखंड के दानुबिगहा कचनावा सबदलपुर नदी के जमीन्दारी बॉध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो में बरती गयी अनियमितता के लिए प्रथम द्रष्टया आरोपित पाये जाने के कारण श्री अमन, अधीक्षण अभियन्ता, को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 के अन्तर्गत निलंबित करते हुए उक्त नियमावली के नियम 17 के तहत विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में श्री अमरेन्द्र कुमार अमन, अधीक्षण अभियन्ता, जल पथ अंचल, गया को निलंबित किया जाता हैं।

2. श्री अमन का निलंबन अवधि में मुख्यालय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पटना निर्धारित किया जाता है।

3. श्री अमन को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. उक्त के संबंध में विभागीय कार्यवाही हेतु संकल्प अलग से निर्गत किया जायेगा।

5. यह आदेश तत्कालीक प्रभाव से लागू होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

1 अप्रील 2009

सं0 22/नि0सि0(गया0)–17ए–05/2008/224–श्री जय किशोर सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, जल पथ प्रमण्डल, जहानाबाद आई0 डी0 सं0–2143 सम्प्रति कार्यपालक अभियन्ता (चालू प्रभार) उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर के उक्त प्रमण्डल के पदस्थापन अवधि में जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखण्ड के दानुबिगहा कचनावा सबदलपुर तक दरधा नदी के बाये जमींदारी बॉध की निगरानी विभाग के तकनीकि परीक्षक कोषांग द्वारा की गयी औचक जॉच में जहानाबाद जिला अन्तर्गत मखदमपुर प्रखण्ड के दानु बिगहा कचनावा सबदलपुर नदी के जमीन्दारी बॉध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यो में बरती गयी अनियमिता के लिए प्रथम द्रष्टया आरोपित पाये जाने के कारण श्री सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, जल पथ प्रमण्डल, जहानाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियन्ता (चालू प्रभार) को बिहार सरकारी सेवक

(वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 के अंतर्गत निलंबित करते हुए उक्त नियमावली के नियम–17 के तहत विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में श्री जय किशोर सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, जल पथ प्रमण्डल, जहानाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियन्ता (चालू प्रभार) उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर को निलंबित किया जाता हैं

2. श्री सिंह का निलंबन अवधि में मुख्यालय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पटना निर्धारित किया जाता है।

3. श्री सिंह को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. उक्त के संबंध में विभागीय कार्यवाही हेतु संकल्प अलग से निर्गत किया जायेगा।

5. यह आदेश तत्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

2 अप्रील 2009

सं0 22 नि.सि. (मुक0) सिवान 19–40/2001/255––श्री मन्ना प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, सारण नहर प्रमण्डल, मढ़ौरा के विरूद्ध कतिपय आरोपों की जॉच विभागीय उड़नदस्ता से करायी गयी। समीक्षा के क्रम में कतिपय आरोपों के लिए विभागीय संकल्प सं0–1006, दिनांक 11.05.93 द्वारा इन पर विभागीय कार्यवाही चलायी गयी थी। पुनः दिनांक 23.06.93 को कार्यपालक अभियंता, उड़नदस्ता अंचल–2, पटना के कार्यालय कक्ष में उनके द्वारा सारण नहर प्रमण्डल, मढ़ौरा में बरती गयी अनियमितता की जॉच कार्य में बाधा पहुॅचाने एवं अशोभनीय व्यवहार करने आदि आरोपों के लिए विभागीय आदेश सं0–543 दिनांक 27.10.83 द्वारा निलंबित किया गया। विभागीय कार्यवाही में प्राप्त संचालन पदाधिकारी के जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी तथा पाया गया कि उनके विरूद्ध लगाये गये कतिपय आरोप प्रमाणित होते हैं। इन प्रमाणित आरोपों के लिए सरकार द्वारा उन्हें दंडित करने का निर्णय लिया गया। फलस्वरूप श्री मन्ना प्रसाद, कार्यपालक अभियंता को आदेश निर्गत की तिथि से निलंबन से मुक्त करते हुए अधिसूचना संख्या–1474, दिनांक 20.07.96 द्वारा निम्न दण्ड संसूचित किया गयाः–

1. निन्दन की सजा जिसकी प्रविष्टि अनके चारित्री वर्ष 93–94 में की जायेगी।

2. उनकी 7 वार्षिक वेतन वृद्धियॉ असंचयात्मक प्रभाव से अवरूद्ध रहेगी।

3. देय तिथि से 7 वर्षों के लिए प्रोन्नति पर रोक।

4. श्री प्रसाद को निलंबन अवधि के लिए जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा परन्तु निलंबन अवधि की गणना पेंशन, उपादान आदि कार्यों के लिए की जायेगी।

उक्त आदेश के विरूद्ध श्री मन्ना प्रसाद द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0 सं0 11447/2001 दायर किया गया जिसमें दिनांक 17.10.2008 को माननीय न्यायालय द्वारा न्यायादेश पारित करते हुए याचिका को डिसमिस कर दिया गया।

तत्पश्चात् श्री प्रसाद द्वारा उक्त न्यायादेश के विरूद्ध एल0पी0ए0 सं0–910/2008 दायर किया गया जिसमें दिनांक 20.11.2008 को पारित न्यायादेश में विभागीय अधिसूचना संख्या–474, दिनांक 20.07.96 में अंकित दंड के निम्न बिन्दुओं पर नये सिरे से विचार करने का निदेश हैः–

''अंसचयात्मक प्रभाव से 7 वेतन वृद्धियों पर रोक या देय तिथि से 7 वर्षो तक प्रोन्नति पर रोक, इन दो दंडों में से किसी एक दंड देने पर विचार किया जाय।''

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में विभाग द्वारा समीक्षा की गयी तथा समीक्षोपरांत अधिसूचना सं0–1474 दिनांक 20.07.96 के खंड–3 में उल्लेखित दंड यथा ''देय तिथि से 7 वर्षो के लिए प्रोन्नति पर रोक'' को विलोपित करने का निर्णय लिया गया है।

शेष दंड यथावत् रहेगा।

उक्त निर्णय श्री मन्ना प्रसाद, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद, उप सचिव।

---

7 अप्रील 2009

सं0 22/नि0सि0(ल0सिं0)–5–1/2000/268–कोशी कमाण्ड के अन्तर्गत खेत विकास प्रमण्डल, सहरसा के अधीन पदस्थापन की अवधि में बरती गयी कतिपय वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमिता के लिये प्रबंध निदेशक द्वारा श्री पवन कुमार टिवड़ेवाल सहायक अभियन्ता से स्पष्टीकरण किया गया जो अप्राप्त रहा। कालान्तर में विभाग द्वारा कृषि विशेष कार्यक्रम विभाग के पत्रांक–676 दिनांक 8.10.91 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में श्री पवन कुमार टिबड़ेवाल सहायक अभियन्ता को विभागीय आदेश सं0–52 दिनांक 30.10.91 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–167 दिनांक 2.2.93 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी।

2. विभागीय कार्यवाही के जॉच पदाधिकारी सह मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, पूर्णिया से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्री टिबड़ेवाल, सहायक अभियन्ता द्वारा पर्यवेक्षण में शिथिलता के कारण निम्नस्तर का कार्य हुआ जिससे लोक निधि का अपव्यय हुआ। कराये गये कार्यो के भुगतान की अनुशंसा करने के पूर्व उनके द्वारा वास्तविक मापी की जॉच नहीं की गयी और कनीय अभियन्ता द्वारा उपस्थापित विपत्र पर हस्ताक्षर किया जाता रहा। निरीक्षण में क्रम में पाया गया कि निर्मित नालियॅा विशिष्टिओं से निम्न स्तर पर की है और अधिकांश का प्लास्टर टूट गया था। जॉच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि 0.5, 0.23, 1.25, 1.80 बेलदौर वितरणी की मापी के चैकड लिखकर श्री टिबड़ेवाल द्वारा हस्ताक्षर किया गया जबकि चेकड के साथ इंनिशियल करना चाहिए था। मापी पुस्ती सं0–85 के पृष्ट 513 पर उनके द्वारा मापी की जॉच नहीं की गयी। इस संबंध में श्री टिबड़ेबाल के विरूद्व पॉच वेतनवृद्वियों संचयात्मक प्रभाव से अवरू, किये जाने तथा निन्दन के साथ वेतनमान के न्यूनतम प्रक्रम पर लाने संबंधी अनुमोदित दंड के परिप्रेक्ष्य में विभागीय पत्रांक–3290 दिनांक 21.11.94 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी।

3. श्री टिबड़ेवाल से प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा के जबाब के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि निर्मित नाली की गुणवता भयानक रूप से खराब थी। नाली का निर्माण धोषित लम्बाई से कम पायी गयी। निर्माण के बाद कम दिनों में ही नाले ध्वस्त हो गये। इस प्रकार श्री टिबड़ेवाल सरकारी राशि की बर्बादी खेतों को पानी उचित रूप से देने में नाकामयााब तथा प्रशासनिक अराजकता फैलाने के दोषी पाये गये।

4. अतः सरकार द्वारा पूर्व विचारोपरान्त श्री टिबड़ेबाल सहायक अभियन्ता को निलंबन से मुक्त करते हुए विभागीय आदेश सं0–66 ज्ञापांक–488 दिनांक 18.3.96 द्वारा निम्न दंड संसूचित किया गया–

(1) निन्दन की सजा जिसकी प्रविष्टी श्री पवन कुमार टिबड़ेवाल सहायक अभियन्ता की चारित्री वर्ष 1989–90 में दर्ज की जायेगी।

(2) पॉच वेतनवृद्वियों पर संचयात्मक प्रभाव से अवरूद्व रहेगी।

(3) वेतनमान के न्यूनतम प्रक्रम पर लाया जायेगा।

(4) निलंबन अवधि के लिये जीवन निर्वाह भत्ता के अतिरिक्त और कुछ देय नहीं होगा।

5. उक्त दण्ड के विरूद्व श्री टिबड़ेवाल द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन को सम्यक समीक्षोपरान्त विभागीय पत्रांक–695 दिनांक 13. 7.07 द्वारा अस्वीकृत किया गया।

6. श्री टिबडेवाल द्वारा उपर्युक्त विभागीय दंड आदेश के विरूद्व माननीय उच्च न्यायालय में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–7727/2000 दायर किया गया जिसमें दिनांक 24.4.08 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा न्याय निर्णय पारित करते हुए विभागीय दंड आदेश सं0–66 ज्ञापांक–488 दिनांक 18.3.96 तथा अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत करने का पत्रांक–695 दिनांक 13.7.07 को निरस्त कर दिया गया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित उक्त न्याय निर्णय के आलोक में सरकार द्वारा विभागीय आदेश सं0–66 ज्ञापांक–488 दिनांक 18.3.96 को निरस्त करते हुए श्री टिबड़ेवाल के लंबित वेतनादि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय श्री टिबड़ेवाल सहायक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

9 अप्रील 2009

सं0 22/नि0सि0(औ0)–17–04/2000/288–श्री विनोद कुमार दास, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद द्वारा उक्त प्रमण्डल, के पदस्थापन अवधि में पूर्वी लिंक नहर एवं पटना मुख्य नहर के 0.00 मील से 6.00 एवं 13 मील से 21 मील तक सेवापथ पर पक्की रोड के निर्माण एवं पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के अन्तर्गत बारून शिविर में निर्मित चाहारदीवारी के निर्माण कार्यो में बरती गयी अनियमिता की जॉच विभागीय उड़नदस्ता से करायी गयी। उड़नदस्ता के जॉच प्रतिवेदन में प्रथम द्रष्टया आरोप श्री दास, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के विरूद्व प्रमाणित पाये गये। प्रथम द्रष्टया प्रमाणित आरोपों के लिए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1589 दिनांक 24.8.2001 द्वारा सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जिसके क्रम में संचालन पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 637 दिनांक 13.10.2006 द्वारा जॉच प्रतिवेदन समर्पित किया। संचालन पदाधिकारी द्वारा समर्पित जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी तथा सम्यक समीक्षोपरान्त जॉच पदाधिकारी के जॉच प्रतिवेदन से निम्न बिन्दुओं पर असहमति व्यक्त करते हुए विभागीय पत्रांक–678 दिनांक 20.8.08 द्वारा द्वितीय कारण पूच्छा की गयी::–

1. जॉच पदाधिकारी द्वारा आरोप सं0–4 प्रमाणित नहीं पाया गया है, परन्तु आरोप में उल्लेखित क्षति की राशि 11. 23 लाख की गणना गलत बताते हुए मात्र 1.22 लाख बताया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि शिविर के चाहरदीवारी के ऑधी में ध्वस्त हो जाने के बाद बिना उसका पुर्न निर्माण कराये दिनांक 20.6.2000 को मापी अंकित करने एवं दिनांक 10.7. 2000 को भुगतान करके सरकार को 11.23 लाख रूपरू की जगह 1.22 लाख रूपये की क्षति पहुचायी गयी है।

2. आरोप सं0–5, जो सीमेंट की गुणवता के प्रतिवेदन के स्ट्रथ में कमी पाये जाने के वावजूद भी सीमेंट की आपूर्तिकर्त्ता को वापस नहीं करके उसी सीमेंट से कार्य कराने से संबंधित है, के संबंध में जॉच पदाधिकारी द्वारा सीमेंट गुणवता की जॉच प्रतिवेदन कार्य समाप्ति के पश्चात प्रमण्डल को प्राप्त हुआ के फलस्वरूप आरोप अप्रमाणित पाया गया है,

परन्तु वस्तुतः सीमेंट की गुणवता में कमी पायी गयी और उनके द्वारा आपूर्तिकर्त्ता के विरूद्व कोई कारवाई नहीं की गयी। अतः यह आरोप भी प्रमाणित है।

उक्त द्वितीय कारण पृच्छा के क्रम में श्री दास कार्यपालक अयिन्ता द्वारा दिनांक 21.8.2008 को समर्पित जबाव भी समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी। सम्यक समीक्षोपरान्त पाया गया कि जॉच पदाधिकारी ने भी क्षति की राशि भी गणना में त्रुटि बताते हुए 1.22 लाख रूपये की क्षति की बात कही है साथ ही सीमेंट की गुणवता का रिर्पोट योजना पूर्ण होने के बाद प्राप्त होना आरोप मुक्त नहीं करता हे, यह प्रमाणित करता है कि योजना में घटिया सीमेंट का उपयोग हुआ है।

अतः आरोपित पदाधिकारी श्री विनोद कुमार दास, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद द्वारा योजना के कार्यान्वयन के अपने दायित्व के निर्वहन में गंभीर अनियमितता बरती जाने एवं सरकार को वितीय क्षति पहुँचाने के कारण सरकार द्वारा निम्न दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया हैः–

1. निन्दन वर्ष 1999–2000 एवं

2. दो वेतनवृद्वि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

उक्त दण्ड श्री विनोद कुमार दास, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पूर्वी सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद सम्प्रति कार्यपालक अभियन्ता, डेहरी प्रमण्डल, डेहरी को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

9 अप्रील 2009

सं0 22/नि0सि0(यॉ0)–4–102/99/287–श्री अमरेन्द्र कुमार ठाकुर, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, (यॉत्रिक) यॉत्रिक प्रमण्डल रॉची सम्प्रति सेवानिवृत कार्यपालक अभियन्ता यांत्रिक के द्वारा जल पथ प्रमण्डल, रॉची के पदस्थापन अवधि में जल पथ प्रमण्डल, बुण्डू (वर्तमान में जल पथ प्रमण्डल सं0–1 सिमडेगा) एवं यांत्रिक प्रमण्डल रॉची द्वारा लिए गए 31,820/– रूपये अस्थायी अग्रिम के समायोजन हेतु विभागीय पत्रांक–860 दिनांक 13.4.99 पत्रांक–1265 दिनांक 3.6.99 द्वारा श्री ठाकुर को निदेश निर्गत किया गया था कि अस्थायी अग्रिम की राशि की वापसी चालान के ामध्यम से कर सरकार एवं सबंधित प्रमण्डल को सूचित करें। इसके विरूद्व श्री ठाकुर ने पूर्नविचार अभ्यावेदन दिया, जिसे सरकार के निर्णय के पश्चात विभागीय पत्रांक–2015 दिनांक 21.9.99 के द्वारा श्री ठाकुर का अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत कर दिया गया।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में विभागीय आदेश सं0–105 दिनांक 20.4.2000 द्वारा सरकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि श्री ठाकुर 15 दिनों के अन्दर जल पथ प्रमण्डल सं0–1, सिमडेगा में 10,000/– रूपये (दस हजार रूपये मात्र) जमा करें एवं यांत्रिक प्रमण्डल, रॉची में 21,820/– रूपये (इक्कीस हजार आठ सौ बीस रूपये) जमा करें अन्यथा उनके वेतन से यह राशि वसूल कर ली जाए। तदनुसार श्री ठाकुर को 31,820/– रूपये अस्थायी अग्रिम की वसूली का आदेश संसूचित किया गया।

उक्त दण्डादेश में सन्निहित वसूली की राशि के संबंध में श्री ठाकुर तत्कालीन सहायक अभियन्ता, यांत्रिक द्वारा वसूली की रूपये 3000/– रूपये प्रतिमाह किश्त की दर से करने का अनुरोध किया गया। विभागीय आदेश सं0–656 दिनांक 19.7.2001 द्वारा श्री ठाकुर के अनुरोध पर सम्यक विचार करते हुए उनसे अस्थायी अग्रिम की वसूलनीय राशि 31,820/– रूपये की वसूली निम्न किस्तों में करने का निर्णय लिया गया–

(क) 3000/–रूपये (तीन हजार रूपये) प्रतिमाह 10 (दस) किस्तों में।

(ख) शेष राशि 1820/– रूपये (एक हजार आठ सौ बीस रूपये) की वसूली 11 वें किस्त में।

उक्त विभागीय निर्णय के विरूद्व श्री ठाकुर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना में सी0डब्लू0 जे0 सी0 सं0–109/2002 दायर किया गया। उक्त वाद में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 4.8.05 को न्याय निर्णय पारित किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा इसकी प्रति मुख्य अभियन्ता, यांत्रिक पटना को भेजी गयी।

सी. डब्लू0 जे0 सी0 सं0–109/2002 में दिनांक 4.8.2005 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्याय निर्णय पर श्री ठाकुर द्वारा सिविल रिभ्यू सं0–197/2005 दायर किया गया, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 19.9.08 को पारित न्याय निर्णय में विभागीय आदेश को निरस्त करते हुए वसूली रकम की वापसी का आदेश दिया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा सिविल रिभ्यु सं0–197/2005 में दिनांक 19.9.2008 को पारित न्याय निर्णय के आलोक में सरकार द्वारा विभागीय आदेश सं0 860 दिनांक 13.4.99 एवं विभागीय आदेश सं0–1265 दिनांक 3.6.99 को निरस्त करने का निर्णय लिया गया हैं

उक्त निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार ठाकुर, तत्कालीन सहायक अभियन्ता यांत्रिक सम्प्रति सेवानिवृत कार्यपालक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

14 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0/(ल0सि0)–05–102/94/384–श्री बृज मोहन सिंह तत्कालीन सहायक अभियन्ता द्वारा लघु सिंचाई प्रमण्डल, सिमडेगा के पदस्थापन अवधि में रानीघाघ मध्यम सिंचाई योजना जिसका प्राक्कलन 16.41 लाख रू0 था का निर्माण कार्य फरवरी 1987 में पूरा हुआ और दिनांक 29.8.87 की रात्रि में योजना का स्पीलवे और बॉध भाग टूटकर बह गया। उक्त निर्माण कार्य में गंभीर त्रुटि बरतने, योजना का अल्प अवधि में ही टूट कर बह जाने, रूपांकण में परिवर्तन किये जाने एवं विशिष्टियों के अनुरूप कार्य नहीं किये जाने आदि अनियमितताओं एवं कदाचार संबंधी आरोपों के लिये प्रथम द्रष्टया दोषी पाये जाने के परिपेक्ष्य में श्री सिंह, सहायक अभियन्ता को विभागीय आदेश सं0–163 दिनांक 3.7.90 द्वारा निलंबित किया गया। तदुपरान्त श्री सिंह के विरूद्व लघु सिंचाई विभाग के संकल्प सं0–5961 दिनांक 4.9.91 द्वारा विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। विभागीय कार्यवाही के जॉच पदाधिकारी सह मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, रॉची के पत्रांक–160 दिनांक 9.2.93 द्वारा प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरारन्त श्री सिंह के विरूद्व निम्नांकित आरोप प्रमाणित पाये गयेः–

(क) स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार स्पीलवें की लम्बाई 125 फीट होनी चाहिये थी, जिसके विरूद्व स्पीलवे कुल 100 फीट लम्बाई में ही बनाया गया है। कम लम्बाई में स्पीलवे के निर्माण के कारण नदी के अधिकतम रूपांकित जलश्राव को प्रवाहित करना संभव नहीं था और जब काफी वर्षा हुई तो स्पीलवे क्षतिग्रस्त हो गया।

(ख) टूटे हुए स्पीलवे संरचना तथा स्थल–स्थल पर कराये गये कंक्रीट में सीमेंट की मात्रा निर्धारित मात्रा से कम पायी गयी।

उक्त प्रमाणित आरोपों के लिये बर्खास्तगी का दण्ड अनुमोदन किये जाने के परिपेक्ष्य में श्री सिंह से द्वितीय कारण पृच्छा विभागीय पत्रांक 1376 दिनांक 10.5.94 द्वारा किया गया। उनसे प्राप्त स्पष्टीकरण एवं मामले के समीक्षोपरान्त श्री सिंह को दोषी पाया गया।

अतः सरकार द्वारा श्री सिंह को गंभीर कदाचार, घोर अनियमितताओं जिसके कारण राजकीय धन एवं लोकहित की क्षति हुई, कार्य के प्रति घोर उपेक्षा तकनीकी सुझबुझ में कमी, कार्य निरीक्षण/पर्यवेक्षण का अभाव, दायित्वपूर्ण कार्य करने में पूर्ण अक्षम अभिभावी नियमों का उल्लंघन करने एवं घोर अनुशासनहीनता बरतने आदि आरोपों के लिये दोषी पाये जाने पर इन्हें सरकारी सेवा से जनहित में बिहार एण्ड उड़ीसा सबोर्डिनेट सर्विसेज (डिसमिसल एण्ड अपील) रूल्स 1935 के नियम 2 (viii) मिसलेनियस रूल्स, बोर्ड ऑफ रेभेन्यू के नियम 167 के तहत अर्थात निर्गत की तिथि से सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। श्री सिंह, सहायक अभियन्ता के सेवा बर्खास्तगी दण्ड के प्रस्ताव पर बिहार लोक सेवा आयोग एवं मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त की गयी।

तदनुसार अधिसूचना ज्ञापांक–287 दिनांक 01.02.99 द्वारा श्री सिंह को सेवा से बर्खास्त किया गया।

2. उपरोक्त संसूचित दण्डादेश के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 10.7.99 को तत्कालीन सहायक अभियन्ता श्री बृजमोहन सिंह से एक अपील अभ्यावेदन विभाग में प्राप्त हुआ। प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विभाग द्वारा विचार करने के दौरान संभावित विलम्ब के कारण श्री बृजमोहन सिंह द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड रॉची में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–2085/2000(पी) यांचिका दायर किया गया जिसमें दिनांक 4.12.06 को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रॉची द्वारा न्याय निर्णय पारित करते हुए श्री सिंह से प्राप्त अपील अभ्यावेदन को निष्पाादित करने का निर्देश दिया गया।

3. विभाग में प्राप्त उनके अपील अभ्यावेदन पर विचारोपरान्त निम्नांकित तथ्य पाये गयेः–

(1) रानीघाघ, मध्यम सिंचाई योजना का कार्य फरवरी 1987 में समाप्त हुआ, जबकि श्री सिंह द्वारा संबंधित प्रमण्डल में दिनांक 15.1.87 को अपना योगदान दिया गया अर्थात कार्य समाप्ति के मात्र एक माह पूर्व ही इन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण किया था।

(2) योजना के रूपांकण कार्य से श्री सिंह सम्बद्व नहीं थें।

(3) विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी द्वारा उपर्युक्त दोनों कारणो से श्री सिंह के विरूद्व आरोप प्रमाणित नहीं पाया गया है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर पाया गया है कि श्री सिंह हालॉकि कार्य समाप्ति के मात्र एक माह पूर्व उस प्रमण्डल में योगदान किये थे, फिर भी उनके द्वारा योजना में 73,930/–रू0 (तिहतर हजार नौ सौ तीस रूपये) मात्र का भुगतान किया गया साथ ही पूर्व के कार्य को त्रुटिहीन मानकर प्रमाणित करते हुए अंतिम भुगतान किया गया है। अतः श्री सिंह को आरोपों से पूणतया मुक्त नहीं किया जा सकता। चूँकि श्री सिंह के विरूद्व गठित आरोप पूर्णतया प्रमाणित नहीं होता है अतएव पूर्व में निर्गत बर्खास्तगी दण्डादेश अधिसूचना सं0–287 दिनांक 01.02.99 को निरस्त करते हुए विभागीय अधिसूचना सं0–389 दिनांक 20.5.08 द्वारा श्री सिंह को निम्नांकित दंड संसूचित किया गया जिसपर मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त हैः–

(1) निन्दन वर्ष 1987–88

(2) संचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्वि पर रोक।

(3) निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं परन्तु उक्त अवधि की गणना पेंशन के प्रयोजनार्थ की जायेगी।

(4) श्री सिंह के बर्खास्तगी अवधि के वेतनादि का भुगतान ऐसे मामलों में माननीय उच्चतम/उच्च न्यायालयों द्वारा पारित न्यायादेश के आधार पर किया जायेगा।

4. उक्त दण्डादेश के आलोक में श्री सिंह द्वारा निलंबन अवधि एवं बर्खास्तगी अवधि के वेतन आदि भुगतान हेतु समर्पित अभ्यावेदन के समीक्षोपरान्त विभागीय अधिसूचना सं0–658 दिनांक 11.8.08 द्वारा श्री सिंह के निलंबन अवधि दिनांक 3.7.90 से 31.01.99 तक की अवधि के लिये जीवन निर्वाह भत्ता जो उन्होंने प्राप्त कर लिया है एवं बर्खास्तगी अवधि दिनांक 01.02.99 से सेवा में वापसी की तिथि 20.5.08 के लिये पचास प्रतिशत वेतन भुगतान का आदेश संसूचित किया गया।

5. इस बीच सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–2085/2000(पी) में दिनांक 26.8.08 एवं 17.9.08 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा अन्तिम रूप से न्याय निर्णय पारित करते हुए विभागीय दण्डादेश को निरस्त कर दिया गया है तथा बर्खास्तगी अवधि एवं निलंबन अवधि का पूर्ण वेतन देने का आदेश है। ऐसी स्थिति में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में श्री बृजमोाहन सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता के विरूद्व पूर्व संसूचित दण्ड अधिसूचना सं0–389 दिनांक 20.5.08 को निरस्त करते हुए उनके निलंबन अवधि एवं बर्खास्तगी अवधि का पूर्ण वेतन भुगतान का आदेश दिया जाता है।

उक्त निर्णय श्री बृजमोहन सिंह, तत्कालीन सहायक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

18 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0/(वीर0)–07–11/08/403–श्री चन्देश्वर लाल कर्ण, तत्कालीन सहायक अभियन्ता (अवर प्रमण्डल पदाधिकारी) पूर्वी मिट्टी बॉध अवर प्रमण्डल, भीमनगर, शि0–वीरपुर को कोशी उच्चस्तरीय समिति की उप समिति के समक्ष पूर्वी बायॉ बॉध के कि0मी0 0.00 से 11.90 के बीच कटाव निरोधक योजनाए तैयार करने हेतु उनकी खोज करने पर अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय अधिसूचना सं0–862 दिनांक 20.10.08 द्वारा निलंबित करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया तथा विभागीय संकल्प ज्ञापांक–883 दिनांक 31.10.08 द्वारा उनके विरूद्व विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई। संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षा विभाग द्वारा की गई। श्री कर्ण द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण, साक्ष्य एवं जॉच पदाधिकारी के जॉच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए श्री चन्देश्वर लाल कर्ण, सहायक अभियन्ता को दोषमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार श्री कर्ण का निलंबन समाप्त करते हुए उन्हें उक्त आरोपों के लिए दोषमुक्त किया जाता है।

उक्त निर्णय श्री चन्देश्वर लाल कर्ण, सहायक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

2. श्री कर्ण पदस्थापन हेतु मुख्यालय विभाग में योगदान देंगे।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद, उप सचिव।

---

25 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0/(मुक0)ल0 सि0–19–1029/96–415–श्री भुनेश्वर शर्मा, कार्यपालक अभियन्ता, सेवानिवृत द्वारा लधु सिंचाई प्रमण्डल, नालन्दा के पदस्थापन अवधि में जिला ग्रामीण भूमि नियोजन गारंटी कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं के कार्यान्वयन में रूपया 18,57,087.38/– के गलत भुगतान संबंधी आरोपों के परिप्रेक्ष्य में जिला पदाधिकारी, नालन्दा द्वारा घारा 420, 467, 468, 471, 120 भा0 द0 वि0 एवं 13 भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम के तहत फौजदारी मुकदमा थाना काण्ड सं0–501/85 दायर किया गया। उक्त आरोपों के लिये लघु सिंचाई विभाग के आदेश सं0–7652 दिनांक 29.12.92 द्वारा श्री शर्मा को निलंबित करते हुए लधु सिंचाई विभाग के संकल्प सं0–2259 दिनांक 24.3.93 द्वारा श्री शर्मा के विरूद्व आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जॉच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त लधु सिंचाई विभाग द्वारा सभी आरोप प्रमाणित पाये गये जिसके लिये लधु सिंचाई विभाग द्वारा श्री शर्मा से द्वितीय कारण पृच्छा की गयी। श्री शर्म द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा का स्पष्टीकरण नहीं उपलब्ध कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में लधु सिंचाई विभाग द्वारा एकपक्षीय रूप से निर्णय लेते हुए श्री शर्मा के विरूद्व सेवा बर्खास्तगी का दण्ड अनुमोदित किया गया।

श्री शर्मा द्वारा अपने निलंबन के विरूद्व माननीय उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–4336/94 एवं 5451/96 दायर किया गया। उक्त रिट याचिका के पारित फैसले के आलोक में श्री शर्मा को निलंबन से मुक्त किया गया।

श्री शर्मा के बर्खास्तगी का कैबिनेट मेमों मंत्रिमंडल सचिवालय भेजा गया था लेकिन कुछ पृच्छाओं के साथ यह वापस आया। इसी बीच श्री भुवनेश्वर शर्मा, कार्यपालक अभियन्ता दिनांक 31.7.97 को सेवानिवृत हो गये।

श्री शर्मा के मामले की सम्यक समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री शर्मा पर निम्न आरोप प्रमाणित पाया गयाः–

(क) एन0 आर0 ई0 पी. के नियमों का बिना पालन किये हुए तथा सक्षम पदाधिकारी के बिना स्वीकृति प्राप्ति के 10.60 लाख रू0 की सामग्री का अनियमित क्रय किया गया तथा अनियमित भुगतान किया गया जिसका न तो एम0 बी0 ही उपलब्ध है और न प्रमाणक ही।

(ख) मेसर्स चन्दन मेटल इन्डस्ट्रीज बिहार शरीफ से सामानों की आपूर्ति लिया गया जबकि इस तरह का कोई फर्म ही अस्तित्व में नहीं है।

(ग) नाम पटल की खरीदगी बाजार दर से (अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत दर) अधिक दर से किया गया मेसर्स चन्दन मेटल इन्डस्ट्रीज शाखा बिहार शरीफ से।

(ध) मेसर्स चन्दन मेटल इन्डस्ट्रीज के मालिक श्री अशोक सिंह है, जो उनके सौतेले साला के लड़के है। अतः इनके निकट संबंधी होने का प्रमाण पाया गया।

यदि श्री भुवनेश्वर शर्मा, कार्यपालक अभियन्ता सेवा में रहते तो इन प्रमाणित कदाचार के लिये बर्खास्तगी का दण्ड पाते। अतएव सरकार द्वारा निर्णयोपरान्त श्री भुवनेश्वर शर्मा, कार्यपालक अभियन्ता (सेवानिवृत) को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के तहत विभागीय आदेश सं0–192 ज्ञापांक–384 दिनांक 24.1.98 द्वारा निम्नदण्ड संसूचित की गयी :–

''श्री शर्मा के पेंशन एवं उपादान पर शत प्रतिशत सदा के लिये रोक''।

श्री शर्मा द्वारा उक्त विभागीय दण्ड के विरूद्व माननीय पटना उच्च न्यायालय में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–3446/98 दायर किया गया जिसे माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20.5.08 को पारित न्याय निर्णय मे डिसमिस कर दिया गया। माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–3446/98 में पारित उक्त न्याय निर्णय के विरूद्व श्री शर्मा द्वारा एल0 पी0 ए0 सं0 571/08 दायर किया गया जिसमें माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 7.4.09 को न्याय निर्णय पारित करते हुए विभागीय आदेश सं0–192 दिनांक 24.1.98 को निरस्त कर दिया गया एवं सरकार को यह छूट प्रदान किया गया है कि वह दिनांक 27.7.98 के आदेश के आलोक में नियमानुकूल कार्रवाई कर सकती है। यदि सरकार द्वारा कार्रवाई करने का निर्णय लिया जाता है तो उसे वादी श्री शर्मा के 90 प्रतिशत औपबंधिक पेंशन बकाया सहित तीन महीने के अन्दर भुगतान करना होगा और वादी के विरूद्व 43 बी0 के तहत संचालित कार्रवाई को न्याय निर्णय पारित होने की तिथि से 6 माह के अन्दर निष्पादित करना होगा। यदि उपरोक्त कार्रवाई निर्धारित अवधि के अन्दर पूरा नहीं होता है तो वादी को पूर्ण पेंशन एवं ग्रेच्यूटी का भुगतान औपबंधिक पेंशन की राशि को धटाकर करना होगा।

माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा एल0 पी0 ए0 571/08 में पारित न्याय निर्णय के आलोक में सरकार द्वारा श्री शर्मा के विरूद्व पूर्व संसूचित दण्ड आदेश सं0–192 ज्ञापांक– 384 दिनांक 24.1.98 को इस शर्त के साथ निरस्त किया जाता है कि श्री शर्मा के विरूद्व बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी0 के तहत विभागीय आदेश, ज्ञापांक–396, दिनांक 27.1.98 के अन्तर्गत संचालित विभागीय कार्रवाई के फलाफल से प्रभावित होगा।

उक्त निर्णय श्री भुवनेश्वर शर्मा, सेवानिवृत कार्यपालक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

25 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0/(पट0)–03–17/08/416–श्री राम कैलाश दास तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, गुण नियंत्रण प्रमण्डल, अनिसाबाद, पटना के पदस्थापन अवधि वर्ष 2005–06 में कार्य के प्रति लापारवाही बरतने, अधीनस्थ कर्मियों पर नियंत्रण नहीं रख पाने आदि प्रथम द्रष्टया प्रमाणित आरोपों के लिए इनके विरूद्व बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 कें नियम–17 के तहत विभागीय संकल्प ज्ञाप सं0–509 दिनांक 4.7.08 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी। समीक्षा के क्रम में कार्य में विलम्ब के लिए समेकित रूप से कार्यालय पर नियंत्रण नहीं होने के लिए दोषी पाते हुए सरकार द्वारा निम्न दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया हैः–

(1) चेतावनी।

(2) एक वेतन वृद्वि पर असंचयात्मकक प्रभाव से रोकं

उक्त निर्णय श्री राम कैलास दास, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, गुण नियंत्रण प्रमण्डल, अनिसाबाद, पटना सम्प्रति कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, सहरसा को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

---

25 मई 2009

सं0 22 नि0 सि0/(पट0)–03–15/08/417–श्री विष्णु प्रसाद झा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, पटना के पदस्थापन वर्ष 1985 में बरती गयी कतिपय आरोपों के लिए इनके विरूद्व विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ करने का प्रस्ताव संयुक्त सचिव (बजट) के स्तर से प्राप्त हुआ।

प्राप्त प्रस्ताव की सरकार के स्तर पर सम्यक समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि श्री झा के विरूद्व जो आरोप लगाया जा रहा है, वह वर्ष 1985 का है तथा श्री झा दिनांक 31.10.91 को अधीक्षण अभियन्ता के पद से सेवानिवृत हो चुके है। बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी0 के तहत सेवानिवृत सरकारी सेवक के विरूद्व कार्रवाई

करने का प्रावधान है, परन्तु सेवानिवृति के बाद किसी सरकारी सेवक के विरूद्व किसी ऐसी घटना के संबंध में विभागीय कार्रवाई आरम्भ नहीं की जायेगी जो कार्रवाई प्रारम्भ किये जाने के चार (4) वर्ष पूर्व धारित हुई है।

सम्यक विचारोपरान्त सरकार द्वारा श्री झा के मामले में अभिलेख पर अग्रेतर कार्रवाई समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय श्री विष्णु प्रसाद झा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, पटना को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी, उप सचिव।

समाज कल्याण विभाग

अधिसूचना

24 जून 2009

सं0 3/क0म0आ0–02/06–1828–श्रीमती संगीता सिंह एवं श्रीमती शायरा बानो, सदस्य, महिला आयोग, बिहार के विरूद्ध पद के दुरूपयोग कर एक गैर सरकारी संस्था 'विमेन राइट कॉउन्सिल' के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कर नियोजन का लोभ देकर लोगों से कपटपूर्ण ढंग से राशि की वसूली किये जाने का आरोप लगाया गया था। इन आरोपों की जाँच राज्य सरकार के निगरानी विभाग के निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के द्वारा की गयी और जाँच में यह पाया गया कि श्रीमती संगीता सिंह एवं श्रीमती शायरा बानो, सदस्य, महिला आयोग के विरूद्ध लगाये गये आरोपों के संबंध में प्रथम द्रष्टवा साक्ष्य उपलब्ध है। अतएव राज्य सरकार का इस बात से समाधान हो गया है कि इन दोनों सदस्यों को जनहित विरोधी कार्य करने के लिये सदस्यता के अयोग्य करार दिया जाय क्योंकि महिला आयोग अधिनियम, 1999 की धारा–4 की उपधारा–2 के अनुच्छेद–'छ' के प्रावधान इस मामले में पूरी तरह आकर्षित हो रहे हैं। इसलिये राज्य सरकार महिला आयोग अधिनियम, 1999 की धारा–4 की उपधारा–2 के अनुच्छेद–'छ' के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देती है कि इस अधिसूचना के निर्गत होने की तिथि से श्रीमती संगीता सिंह एवं श्रीमती शायरा बानो, सदस्य, महिला आयोग दोनों ही को उक्त आयोग की सदस्य नहीं रह जायेंगी।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रामलखन रविदास, संयुक्त सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,

बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।

बिहार गजट, 16-571+10-डी0टी0पी0।

Website: http://egazette.bih.nic.in